**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 21 अगस्त, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित मेगा प्रदर्शनी "स्वर्णिम भारत एक्सपो-2025" के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि ज्ञान, नवाचार, कौशल विकास और आधुनिकता का जीवंत संगम है, जो युवाओं, शोधकर्ताओं, उद्यमियों और नीति-निर्माताओं को एक सूत्र में जोड़ने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो में कौशल विकास, कृषि, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, हस्तशिल्प, पर्यटन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जो नए भारत की प्रगति की दिशा तय कर रहे हैं।

राज्यपाल महोदय ने विशेष रूप से इस तथ्य की सराहना की कि इस प्रदर्शनी में डी.आर.डी.ओ., इसरो, सी.एस.आई.आर. और आई.सी.एम.आर. जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों सहित विभिन्न विभाग एवं संगठन अपनी उपलब्धियाँ और नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत की वैज्ञानिक एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन है। उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान में

भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि चंद्रयान-3 तथा सूर्य मिशन आदित्य एल-1 ने पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के योगदान की भी सराहना की और उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा-पुंज बताया।

माननीय राज्यपाल महोदय ने माननीय प्रधानमंत्री जी के "स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत" के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक्सपो "वोकल फॉर लोकल" की भावना को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत @2047 में युवाओं एवं शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका है। झारखण्ड की पावन भूमि अपनी प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और परिश्रमी मानव संसाधन के कारण राष्ट्र के विकास में निरंतर योगदान देती रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह एक्सपो युवाओं को रचनात्मकता, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा।

राज्यपाल महोदय ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं आगंतुकों को शुभकामनाएँ देते हुए स्वर्णिम भारत और समृद्ध झारखण्ड के निर्माण हेतु सभी को निष्ठा और संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय सहायक संघ का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज कुशवाहा अति पिछड़ा संघर्ष अधिकार मोर्चा का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय से झारखण्ड राज्य में निवासरत कुशवाहा (कोइरी), सुकियार (मेहता) एवं चासा (चासियार) जातियों को BC-1 (अति पिछड़ा वर्ग) की सूची में सम्मिलित करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(4) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखण्ड अंगीभूत महाविद्यालय अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को अवगत कराया कि वे पिछले 5 से 15 वर्षों तक राज्य के महाविद्यालयों में सेवाएँ देते रहे हैं, किन्तु महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने के कारण गंभीर बेरोजगारी की समस्या हो गई है। शिष्टमंडल ने इस दिशा में राज्यपाल महोदय से पहल करने का आग्रह किया।